कलागुड़ी

चर्चा में क्यों?

17 अक्तूबर, 2021 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर ज़िले के मुख्यालय जगदलपुर में दलपत सागर के निकट बनाए गए **कलागुड़ी (बस्तर आर्ट गैलरी)** का लोकार्पण किया। साथ ही, मुख्यमंत्री की मौजूदगी में बस्तर शिल्पकलाओं के विक्रय हेतु बस्तर ज़िला प्रशासन और फ्लिपकार्ट के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर बस्तर कलेक्टर रजत बंसल ने बस्तर की हस्तशिल्प कलाओं के जीवंत प्रदर्शन के लिये निर्मित इस परिसर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ब्रिटिश शासन काल के दौरान यह भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुँच चुका था। वर्तमान में इसका उपयोग लोक निर्माण विभाग द्वारा अभियांत्रिकी कार्यशाला के रूप में किया जा रहा था।
- बस्तर की पारंपरिक हस्तशिल्प कलाओं से सैलानियों के साथ युवा पीढ़ी को परिचित कराने के लिये इस परिसर में स्थित जर्जर भवनों का पुनर्निर्माण किया गया है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यहाँ बनाए गए आर्ट गैलरी का भ्रमण कर लोक कलाकारों द्वारा निर्मित लौह शिल्पकारी, मृदा शिल्पकारी, बेलमेटल की शिल्पकारी और सीसल शिल्पकारी का जीवंत प्रदर्शन देखा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यहाँ कैफेटेरिया में बस्तर कॉफी का स्वाद भी लिया।
- इस आर्ट गैलरी में यहाँ 30 वर्षों से सूखी लकड़ियों के माध्यम से कला का प्रदर्शन कर रहे डाइट के सहायक प्राध्यापक सुभाष श्रीवास्तव के ड्रिफ्टआर्ट और कोलाज पर कागज से निर्मित कलाकृतियों के साथ ही बेलमेटल से निर्मित कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया था। इसके साथ ही यहाँ एक अन्य कक्ष में लक्ष्मी जगार और धनकुल जगार के अवसर पर भित्तियों में बनाई जाने वाली जगार चित्र की कार्यशाला भी लगाई गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kalagudi